AMAR UJALA (MY CITY), Meerut, 12.11.2023
Page No. 1, Size:(21.88)cms X (30.94)cms.

सीएनजी 2.70 और पीएनजी हुई दो रुपये सस्ती

मेरठ। गेल गैस लिमिटेड ने दीपावली पर अपने उपभोक्ताओं को तोहफा दिया है। कंपनी ने सीएनजी की कीमत में जहां दो रुपये 70 पैसे की कटौती की है, वहीं इंडस्ट्रियल और कॉमर्शियल पीएनजी की कीमत दो रुपये घटा दी है।

अभी शहर में पीएनजी की कीमत 71.50 रुपये प्रति एससीएम थी, जो दाम में कटौती के बाद 69.50 रुपये हो गई है। गेल गैस सीजीएम विनय कुमार ने बताया कि सीएनजी अभी तक 84.20 रुपये प्रति किलो थी, 2.70 रुपये की कटौती के बाद अब यह 81.50 रुपये की दर पर उपभोक्ताओं को मिलेगी।

पिछले बुधवार को ही कंपनी ने इंडस्ट्रियल गैस की कीमत में साढ़े तीन रुपये और कॉमर्शियल गैस की कीमत में दो रुपये की कटौती की थी। ब्यूरो